कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 12-04-2024

विषय:- संवेदनशील क्षेत्र श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर में ड्रोन उड़ाने वाले दो अभियुक्तगण गिरफ्तार एक अदद ड्रोन बरामद ।

जैसा कि अवगत है कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाना पूर्णत: प्रतिबन्धित है एवं कमिश्नरेट वाराणसी में धारा 144 सीआरपीसी लागू है । श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के आदेश क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन एवं सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के निर्देशन में आज दिनांक 12.04.2024 को थाना चौक पुलिस टीम द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर के संवेदनशील एरिया में ड्रोन उड़ाने वाले 02 व्यक्ति 1. अंकित केशरवानी पुत्र अशोक कुमार केशरवानी निवासी मं0 नं0- 143 बी/3 पटेल नगर मीरापुर थाना अतरसुईया जनपद प्रयागराज, 2. ऋषभ खन्ना पुत्र श्री मनोज खन्ना निवासी मं0नं0- 2/11 राजिन्द्री नगर नूरूउल्लाह रोड करैला बाग कालोनी थाना करैली जनपद प्रयागराज के विरूद्ध 151/107/116 सीआरपीसी एवं 188 भादवि का अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है ।

अभियुक्त का विवरणः-

1. अंकित केशरवानी पुत्र अशोक कुमार केशरवानी निवासी मं0 नं0- 143 बी/3 पटेल नगर मीरापुर थाना अतरसुईया जनपद प्रयागराज उम्र लगभग-24 वर्ष ।
2. ऋषभ खन्ना पुत्र श्री मनोज खन्ना निवासी मं0नं0- 2/11 राजिन्द्री नगर नूरूउल्लाह रोड करैला बाग कालोनी थाना करैली जनपद प्रयागराज उम्र लगभग-25 वर्ष ।

बरामदगीः- एक अदद ड्रोन बरामद किया गया ।

गिरफ्तारी का स्थानः- स्थान- श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर, दिनांक- 12.04.2024

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्र0नि0 श्री विमल कुमार मिश्र थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री उमेश चन्द्र विश्वकर्मा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 यशवन्त सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 कुँवर बहादुर सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 भोलू खरवार थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 संदीप कुमार थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।